तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 5 जून 2025

10 सुपर फूड मुनगा से कोकड़ी की महिलाएं कर..



12 आज गंगा दशहरा पर मां विंध्यवासिनी मंदिर बावड़ी..





## खबर संक्षेप

### आज पानी सप्लाई बाधित रहेगी

**धमतरी।** सीएसपीडीसीएल के सब इंजीनियर शेषनारायण देवांगन ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य के कारण आज सुबह 10 बजे से 1 बजे तक वाटर फिल्टर प्लांट साइड इलेक्ट्रिकल सप्लाई बाधित रहेगी। शाम को पानी सप्लाई आंशिक रूप से बाधित रहने की संभावना है।

### श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव 7 जून

**धमतरी।** श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 7 जून को शाम 5 बजे से पुराना जनपद भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर होंगे। इस बार भी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गायन वादन, कथक नृत्य एवं लोक संगीत के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। यह जानकारी प्राचार्य ने दी है।

### कोसरिया यादव समाज की बैठक 8 जून को

**धमतरी।** प्रदेश छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज के तत्वावधान में 8 जून रविवार को सुबह 11 बजे रविवार को महेश भवन राजकुमार कालेज के सामने जीआई रोड पेट्रोल पंप के बाजू रायपुर में प्रदेशस्तरीय बैठक रखी गई है। प्रदेश सचिव राजेश कुमार यादव ने जिला अध्यक्षों, संभागीय अध्यक्षों एवं जिला के परिक्षेत्र अध्यक्षों से बैठक में सहभागिता प्रदान करने की अपील की है। यह जानकारी तुलसीराम यादव धमतरी ने दी है।

### धीवर समाज की करियर काउंसिलिंग 8 को

**धमतरी।** धीवर समाज द्वारा धीवर समाज भवन शीतला माता मंदिर महिमासागर वार्ड में 8 जून को छात्र-छात्राओं के लिए करियर काउंसिलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उच्च कक्षाओं में प्रथम तीन सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नगद राशि दी जाएगी। इस दौरान कक्षा 12वीं में टाप 10 में स्थान बनाने वाली हिना तारक सांकरा नगरी को सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा मुख्य प्रेरक होंगे। काउंसिलिंग के लिए डॉ. निधि वर्मा मनोचिकित्सक जगदलपुर मौजूद रहेंगी। डॉ. दिनेश नाग आयुर्वेद चिकित्सक, व्याख्याता आलोक मत्स्यपाल (गणित) एवं कॉमर्स विषय के अनुभवी व्याख्याता ओमप्रकाश नाग द्वारा काउंसिलिंग की जाएगी। धमतरी परगना के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहनलाल धीवर ने बताया कि इस वर्ष काउंसिलिंग हेतु कुरुद, कण्डेल, आमदी, बालोद एवं कांकेर परगना के छात्रों को भी आमंत्रित किया गया है।

# सरई बाबा : साल के वृक्ष को पूर्वज मानकर स्थानीय लोग करते हैं पूजा

दीपनारायण शर्मा ⏭ धमतरी

चार सौ साल से ज्यादा आयु के सरई बाबा की वनांचल दुगली के ग्रामीण देवता मानकर पूजा करते हैं। सरई बाबा न तो कोई मानव है और पत्थर की मूर्ति। यह जीता जागता साल का वृक्ष है। ग्रामीणों की आस्था और इस वृक्ष के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए वन विभाग ने वर्ष 2013 में इसे संरक्षित किया है। अब चौबीसों घंटे इसकी सुरक्षा की जाती है। वन विभाग के अनुसार यह मदर ट्री है।

## दुगली में अंग्रेजों के जमाने के साल का वृक्ष है लोगों की आस्था का केंद्र




### धरोहर बनाने का प्रयास

जिला वन मंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि सरई बाबा अंग्रेजों के जमाने का पेड़ है। अंग्रेजों के दस्तावेज में भी इसका उल्लेख है। वन विभाग इसे मदर ट्री मानता है। संभवतः यह प्रदेश का सबसे पुराना साल का पेड़ है। इसके महत्व को देखते हुए वन विभाग इस पेड़ को धरोहर घोषित करवाने का प्रयास कर रहा है। इस पेड़ को 12 साल पहले ही संरक्षित कर लिया गया था। वन विभाग के कर्मचारी नियमित रूप से इसकी देखरेख करते हैं। यही कारण है कि कोई सरई बाबा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी नहीं करता है। वन विभाग ने सरई बाबा पर एक एलबम भी बनाया है।

आदिवासी हमेशा से ही प्रकृति के पुजारी रहे हैं। आदिवासियों की इस धार्मिक आस्था का जीता जागता नमूना दुगली में है जिसे सरई बाबा के नाम से जाना जाता है। स्थानीय भाषा में साल के वृक्ष को सरई के नाम से जाना जाता है। सरई बाबा 418 साल पुराना साल का वृक्ष है, जिसे स्थानीय लोग अपने पूर्वज का दर्जा देते हैं और देवता मानकर इसकी पूजा करते हैं। इस पेड़ की ऊंचाई 45 मीटर, गोलाई 446 सेमी है। वन विभाग ने इसे मदर ट्री का नाम दिया है और स्थानीय लोग इसे सरई बाबा के नाम से बुलाते हैं। किसी के घर में कोई समस्या हो तो वे सरई बाबा के दरबार में जाकर समस्या बताते हैं। लोगों का मानना है कि सरई बाबा उनकी हर तकलीफ को दूर करते हैं। हर मुराद पूरी करते हैं। शादी ब्याह, जन्मोत्सव, छठी, गृहप्रवेश जैसे शुभ कार्य करने से पहले वे सरई बाबा के दरबार में हाजिरी लगाना नहीं भूलते हैं। साल बीज संग्रहण शुरू करने से पहले भी ग्रामीण इसकी पूजा करते हैं।

### ग्राम बोड़रा में 50 से अधिक वृक्षों की करते हैं रोज सेवा

# उम्र के आखिरी पड़ाव में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा दंपत्ति

दिलीप देवांगन ⏭ धमतरी

उम्र के आखिरी पड़ाव में एक दंपति का पर्यावरण प्रेम गांव में मिसाल बन गया है। शहर से करीब 7 किमी दूर ग्राम बोड़रा निवासी किसुन उर्फ लीलाराम साहू अपनी पत्नी कुमारी बाई के साथ गांव के तालाब, शमशान, चारागाह में बरगद, पीपल, नीम, करंज प्रजाति के 50 से अधिक पौधे लगाकर ग्रामीणों को पर्यावरण का संदेश दे रहा है। गांव के लोग किसुन साहू के वृक्षों के प्रति स्नेह और प्रेम देखकर उसे पर्यावरण मित्र के रूप में पहचानते हैं। सरपंच प्रीतम साहू का कहना है कि किसुन का पर्यावरण के प्रति समर्पण ग्रामीणों को जागरूकता का संदेश दे रहा है।



### जय श्रीराम कहकर करते हैं अभिवादन


किसुन बताते हैं कि रोज अपने द्वारा रोपे गए पौधों को एक बार जरूर मिलते हैं। हर वृक्षों को जय श्रीराम कहकर अभिवादन करते हैं फिर तालाब से बाल्टी में पानी लेकर उसे सींचते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के बाद लोग उसे मुड़कर नहीं देखते। भले एक वृक्ष लगाए लेकिन संरक्षण जरूर करें। इससे भावी पीढ़ी को साफ सुथरा स्वच्छ वातावरण मिल सके।

राजमिस्त्री का काम कर अपने परिवार को संस्कार और शिक्षा देने वाले किसुन साहू उम्र के अंतिम पड़ाव में हैं। 73 साल की आयु में उनकी दिनचर्या सुबह 5 बजे से शुरू हो जाती है। नित्य कर्म के बाद वे अपने पशुधन की सेवा करते हैं। सुबह 7 बजे अपनी पत्नी कुमारी बाई के साथ कुदाली, बाल्टी आदि लेकर पौधरोपण तथा रोपित पौधों की देखरेख के लिए निकल जाते हैं। किसुन साहू बताते हैं कि उनके पूर्वज समीपस्थ ग्राम देवरी के हैं। इनके दादा भूखराम साहू ने 100 साल पहले गांव देवरी में एक बरगद का पौधा लगाया था। आज वह विशाल वृक्ष बन गया है। इस वृक्ष की छांव में ग्रामीण तथा राहगीर सुकुन के साथ बैठते हैं। यह देखकर उनके मन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति भाव जागृत हुआ।

किसुन बताते हैं कि उनका तीन बेटे और दो बेटी हैं। सभी का विवाह हो गया है। परिवार की जिम्मेदारी सिर से हटने के बाद वे अपनी पत्नी के साथ विगत 4 साल से पौधरोपण कर उनकी देखभाल करते हैं। गांव के विभिन्न स्थानों में करीब 50 पेड़ रोपित कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लगाए गए सभी पौधे सुरक्षित हैं। दो फीट गहरा गड्ढा खोदकर उसमें गोबर खाद डालते हैं। फिर पौधरोपण करते हैं। पेड़ों के संरक्षण के लिए सेवा, मेहनत के साथ स्नेह और प्रेम हो जाता है। वृक्षों को नुकसान पहुंचने पर ऐसा लगता है जैसे उनके बेटों के साथ मारपीट की गई है।

# कार पुल के डिवाइडर से टकराई, मां-बेटे की मौत

- शादी समारोह में शामिल होने परिवार दुर्ग गया था, वापस लौटते वक्त हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम बेलर का देवांगन परिवार हादसे का शिकार हो गया। इस घटना में मां बेटे की मौत हो गई। यह परिवार दुर्ग में एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था।

बताया जा रहा है कि यह घटना मंगलवार की रात्रि 11 बजे की है। बेलर निवासी त्रिलोक देवांगन अपनी पत्नी और बेटे के साथ दुर्ग शादी में गया था। शादी से वापस लौटते वक्त गट्टासिली सिहावा रोड पर दुधावा मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर पुल के डिवाडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में त्रिलोक देवांगन की पत्नी प्रेमा देवांगन और बेटा राबिन देवांगन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही सिहावा पुलिस घटनास्थल पहुंची और आवश्यक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नगरी सिविल अस्पताल भेज दिया। इस हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा गया है।

# गिरौद के ग्रामीणों ने घेरा थाना



- उपसरपंच सहित तीन लोगों की गिरफ्तारी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

कुरूद विधानसभा के ग्राम पंचायत गिरौद में रेत खदान के नाम पर ग्रामीण दो भाग में बंट गए हैं। उपसरपंच के नेतृत्व में कुछ ग्रामीण रेत खदान बंद कराने शासन प्रशासन से मांग कर रहे हैं जिससे गांव में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। रेत खदान विषय को लेकर गांव में लगातार बैठकें हो रही हैं। 4 मई बुधवार को सुबह ग्राम गिरौद के सैकड़ों ग्रामीणों ने पुलिस थाना के सामने जमकर हल्ला बोला।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि उपसरपंच लोकेश साहू के नेतृत्व में रेत खदान बंद कराने शासन प्रशासन से मांग की गई। उपसरपंच सहित दो महिला, दो पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके विरोध में पुलिस थाने के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि महानदी में हो रहे रेत खनन से जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। भविष्य में पीने की पानी की विकराल समस्या आ सकती है। गिरौद में रेत खदान पूर्णतः बंद की जाए।

ज्ञात हो कि ग्राम गिरौद में 10 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत प्रस्ताव के आधार पर खनिज विभाग द्वारा रेत खदान की नीलामी की गई थी। उसी आधार पर प्रति वर्ष रेत खनन किया जा रहा है। रेत खदान की नीलामी शासकीय प्रक्रिया है। शासन प्रशासन द्वारा 10 वर्ष पूर्व पंचायत प्रस्ताव के आधार पर गिरौद रेत खदान की नीलामी की गई है। वर्तमान पंचायत पदाधिकारी रेत खदान की नीलामी से अनभिज्ञ हैं।

# ट्रैक्टर चालक की गुंडागर्दी, साइड मांगने पर बाइक चालक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- खरेंगा रोड की घटना

कोलियारी-अमेठी मार्ग से अपने घर लौट रहे बाइक चालक ने आगे जा रहे ट्रैक्टर को हार्न बजाकर साइड मांगा। ट्रैक्टर चालक ने साइड देने की बजाय गुण्डागर्दी करते हुए बाइक चालक से मारपीट कर उसे घायल कर दिया है।

रेत परिवहन में लगे ट्रैक्टर चालकों की लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने व छोटे वाहन चालकों से दादागिरी करने की शिकायते सामने आती रहती है। कुछ इसी तरह की घटना मंगलवार की दोपहर कोलियारी-अमेठी मार्ग पर सामने आई है। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खरेंगा निवासी हरिओम साहू पिता विष्णुराम उम्र 45 वर्ष सुपरवाइजर का काम करता है। मंगलवार को हरिओम अपनी बाइक से साथी अशोक साहू के साथ आयल खरीदने बाम्बे गैरेज धमतरी आया था। दुकान से आयल खरीदने के



बाद दोपहर में दोनों बाइक से कोलियारी-अमेठी होते हुए अपने घर खरेंगा जा रहे थे। दोनों कानीडबरी के पास स्थित आदि सेवा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर रेत भरने अमेठी की ओर जा रहा था। हरिओम ने आगे बढ़ने बाइक का हार्न बजाकर ट्रैक्टर चालक परसराम साहू ग्राम आमदी निवासी से साइड मांगा लेकिन चालक ने बाइक को साइड नहीं दिया। साइड नहीं मिलने पर हरिओम ने बाइक को सड़क से नीचे उतार किसी तरह साइड लेकर आगे बढ़ ट्रैक्टर चालक को साइड नहीं दे रहे हो कहा। इतने में ट्रैक्टर चालक परसराम साहू गुण्डागर्दी पर उतर आया और अश्लील गाली गलौज कर जान से मार देने की धमकी देते हुए अपने ट्रैक्टर में रखे आयल नापने की लोहे की पट्टी से हरिओम से मारपीट की। इस घटना में हरिओम के सिर पर चोट लगी है। साथी अशोक साहू को बीचबचाव करते देख चालक परसराम ने उसके साथ भी लोहे की पट्टी से मारपीट कर चोट पहुंचाई। इसी दौरान ग्राम अमेठी में मरीज छोड़कर वापस लौट रहे एम्बुलेस चालक हर्ष जैन ने घटना को देख घायल को अपने वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित हरिओम की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक परसराम साहू ग्राम आमदी थाना अर्जुनी निवासी के खिलाफ धारा 115-2, 296, 351-2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# एकमुश्त राशन के लिए 6 बार बायोमेट्रिक



- दिनभर लाइन लगाने के बाद भी नहीं मिल पा रहा है राशन हितग्राहियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

तीन माह का राशन एकसाथ वितरण करने में सेल्समेन तथा हितग्राहियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बुधवार को राशन दुकानों के सेल्समेन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर राशन वितरण प्रणाली को सुगम बनाने की मांग की है।

नवागांव, बांसपारा, दानीटोला, ब्राम्हणपारा, महंत घासीदास आदि वार्डों की सरकारी उचित मूल्य दुकानों के सेल्समेन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शासन के आदेशानुसार जुन, जुलाई तथा अगस्त माह का चावल वितरण राशन कार्डधारियों को एकमुश्त किया जाना है। सेल्समेनों ने तीन माह का चावल वितरण प्रारंभ कर दिया है, लेकिन चावल वितरण करते समय ई पॉश मशीन में प्राथमिकता कार्ड वालों को 6 बार तथा अंत्योदय राशनकार्डधारी को 3 बार आधार प्रमाणीकरण करना पड़ रहा है। एक हितग्राही को चावल वितरण करने में 8 से 10 मिनट का समय लग रहा है। इससे एक दिन में मात्र 35 से 40 हितग्राहियों को चावल दे पा रहे हैं। महीने की शुरुआत में 80 से 100 राशन कार्डधारी चावल के लिए पहुंचते हैं। राशन नहीं मिल पाने से हितग्रहियों में काफी रोष है।

सेल्समेनों ने कलेक्टर से मांग की है कि तीनों माह का चावल वितरण एक बार फिंगर लगाकर किया जा सके, ऐसा प्रावधान किया जाए।

### प्रेसवार्ता : ट्रिपल इंजन की सरकार में अब दिन दूनी, रात चौगुनी विकास होगा

# धमतरी का अब ऐतिहासिक विकास होगा : खूबलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश मंत्री भाजपा अजजा मोर्चा छग के खूबलाल ध्रुव ने प्रेस क्लब भवन में पत्रकारों को बताया कि धमतरी का अब ऐतिहासिक विकास होगा। महापौर रामू रोहरा के प्रयास से प्रदेश की साय सरकार ने करोड़ों रूपए के विकास कार्यों की सौगात दी है। ट्रिपल इंजन की सरकार में अब दिन दूनी रात चौगुनी विकास होगा। धमतरी दौरे पर आए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनता की मांग व महापौर के आग्रह पर 213 करोड़ रूपए की विकास कार्यों की सौगात दी है जो प्रशंसनीय है। ट्रिपल इंजन की सरकार होने के नाते सरकारी योजनाएं अब अंतिम व्यक्ति तक सीधे पहुंच रही हैं। आमजनता को मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं। सरकार की नीति स्पष्ट है, आमजनता का जीवन स्तर उपर उठाना है।




श्री ध्रुव ने बताया कि नक्सलवाल के मुद्दे पर सरकार की नीति स्पष्ट है। आदिवासियों को मुख्य धारा में शामिल करने का प्रयास हो रहा है। आदिवासी किसी के बहकावे में नक्सली बनता है तो वे सिर्फ नक्सली हैं। ऐसे व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का प्रयास हो रहा है। सरकार आमजनता के लिए कार्य कर रही है। जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। सरकार को समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता है इसलिए योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाया जा रहा है। सरकार द्वारा जनता के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका प्रत्यक्ष लाभ आम जनता को मिल रहा है। जनता ट्रिपल इंजन की सरकार से खुश है।

श्री ध्रुव ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूल शिक्षा कार्यक्रम में सुधार किया जा रहा है। छात्रों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए कदम से बुनियादी सुविधाओं का विकास होगा। कक्षाओं का निर्माण, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर प्रशिक्षण आदि सुविधाओं में इजाफा होगा। शिक्षकों की जवाबदेही तय होगी। काम के प्रति अधिक जिम्मेदार रहेंगे।

# कोर्रा निवासी मैकेनिक की मौत



**धमतरी।** तबीयत बिगड़ने पर युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोर्रा निवासी वेदप्रकाश यादव पिता लतखोर उम्र 35 वर्ष मैकेनिक का काम करता था। युवक मजदूरी करने रोजाना रायपुर जाता था। युवक रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह काम करने रायपुर गया था। मंगलवार की रात्रि 8.30 बजे के लगभग भखारा के एक मेडिकल स्टोर वाले ने वेदप्रकाश को रंगमंच में सोने की जानकारी उसके पिता लतखोर को फोन पर दी। पिता अपने बेटे संतोष यादव के साथ स्कूटी में भखारा पहुंचा। इस दौरान युवक पानी पाउच से पानी पी रहा था। युवक को परिजन घर कोर्रा ले आए। गांव के डाक्टर को उपचार के लिए घर बुलाया गया। डाक्टर ने इलाज के लिए तत्काल धमतरी ले जाने का परामर्श दिया। परिजन युवक को रात्रि में ही इलाज ▶▶ शेष पेज 10 पर

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### यादव समाज की बैठक 7 को

**धमतरी।** जिला कोसरिया यादव समाज की बैठक 7 जून शनिवार को सामाजिक भवन आमातालाब धमतरी में दोपहर 1 बजे रखी गई है।

## निधन

### कुणाल बंजारे



**अंवरी।** ग्राम लोहारपथरा (कोर्रा) निवासी कुणाल बंजारे 19 वर्ष का आकस्मिक निधन 3 जून को हो गया। वे अपने पीछे अपना भरा-पूरा परिवार छोड़कर गये। वे पीआर बंजारे के पोते एवं रामेश्वर बंजारे के पुत्र थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांतिघाट में हुआ। अंत्येष्टि कार्यक्रम में सोनित बंजारे, सुदर्शन बंजारे, रामा, सन्नी, चमन, थानेश्वर, खेमेश्वर, राकेश, भावेश, शुभम, सुमित, हिमांशु, लक्की, विनय सहित बंजारे परिवार एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### रामदुलार पाठक



**धमतरी।** रामदुलार पाठक 86 वर्ष का रायपुर के निजी हॉस्पिटल में निधन हो गया। वह जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक, संतोष पाठक, दिनेश पाठक के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा बठेना जेल रोड धमतरी से आज प्रातः 11 बजे निकलेगी।

### मिलाप राम साहू



**धमतरी।** ग्राम परसट्ठी निवासी मिलापराम साहू का चार जून को निधन हो गया। वे धरमचंद साहू और दिनेश साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कोर्रा निवासी मैकेनिक ...

के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पिता लतखोर ने पुलिस को बताया कि युवक शराब का आदी था जिसके चलते वह खाना नहीं खाता था। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार भखारा भठेली के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202506132000005/-**
**विषयः-अ-5 मामले की श्रेणीः-राजस्व**
**सन्नः-2024-2025**
**ईर्रा (प.ह.नं. 00015),**
**पक्षकारों का विवरण :-**
**आवेदक पक्षकार - सोमप्रकाश महार,**
**अनावेदक पक्षकार - छग शासन,**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सोमप्रकाश पिता भिखारी जाति महार निवासी ग्राम ईर्रा तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम ईर्रा स्थित भूमि खसरा नंबर 354/1 रकबा 0.34 हे. सामिलात खाते में दर्ज है। जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक 232304 जारी किया गया है। उक्त भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में त्रुटिवश लीलाराम पिता बुधुराम के नाम दर्ज हो गया है। उक्त भूमि का किसी प्रकार बिक्री नहीं किया गया है। उक्त भूमि में हुए त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु मय दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत किये जाने पर राजस्व निरीक्षक के प्रतिवेदन सहित आवेदन प्राप्त हुआ है। तत्संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 16-06-2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत समय उपरांत प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/06/2025 को जारी किया जाता है।

VINOD KUMAR BANJARE
**नायब तहसीलदार**
**भखारा**

---

### औषधीय गुणों से भरपूर इस सब्जी की राजधानी में हो रही खपत

# सुपर फूड मुनगा से कोकड़ी की महिलाएं कर रहीं दोगुनी कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

आजकल खेती के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ रहा है और आधुनिक तरीके से भी लोग खेती कर रहे हैं। धान, गेहूं, दलहन-तिलहन के अलावा अब लोग सब्जियों की फसल लेने में आगे आ रहे हैं और मुनाफा भी कमा रहे हैं। औषधीय गुणों से भरपूर सुपर फूड मुनगा की फसल लेकर कोकड़ी की महिलाएं दोगुनी आय अर्जित कर रही हैं।

जिले के कुरूद विकासखण्ड स्थित ग्राम पंचायत कोकड़ी की जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती रामेश्वरी साहू बताती हैं कि उनके समूह में 12 सदस्य हैं, जो मिल-जुलकर मुनगे की खेती कर रही हैं। उन्होंने बताया कि गांव के खाली पड़े लगभग साढ़े तीन एकड़ से अधिक की भाठा जमीन पर मिश्रित खेती करने के लिए उन्हें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 11 लाख 44 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली। इसके बाद महिलाओं ने इस भाठा जमीन पर साल भर मेहनत की और उनके द्वारा लगाए गए पौधे लहलहाने लगे।





#### आसपास के बाजारों के अलावा रायपुर में हो रही सप्लाई

मुनगा को सब्जी के तौर पर तो उपयोग किया ही जाता है। इसके साथ ही मुनगे की पत्तियों का पावडर मल्टीविटामिन सप्लीमेंट के साथ ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल और बीपी को कंट्रोल करने में भी मदद करता है। यही वजह है कि महिलाएं मुनगा की बिक्री न केवल आसपास के बाजारों में कर रही हैं, बल्कि राजधानी रायपुर में भी इसकी सप्लाई कर रही हैं। इससे उन्हें दोगुनी आमदनी मिल रही है।

#### करौंदा, आंवला और नींबू की मिश्रित खेती भी हो रही

इन पौधों में मुनगा के अलावा करौंदा, आंवला और नींबू के पौधे शामिल हैं। मुनगा के पेड़ों में फल जल्दी लगने लगे और साल में दो फसल मिलने लगी। इससे महिलाओं को दोगुनी आय मिल रही है। श्रीमती साहू बताती हैं कि उनके इस अभिनव प्रयोग को देखने के लिए जिले के अन्य गांव के लोग भी आते हैं और उनसे इसका प्रशिक्षण भी लेकर जाते हैं।

#### कम पानी में आसानी से तैयार होने वाला पौधा

मुनगा का पौधा किसी भी जमीन पर आसानी से जगने और कम पानी में भी जल्द फल देने वाला पौधा है। इसमें प्रोटिन, आयरन, मैग्नीशियम, विटामिन बी, सी और ए की मात्रा भरपूर होती है। मुनगा के जड़, छाल, फूल, पत्तियां और फल सभी औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। यह सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि सेहत से भी सीधा रिश्ता रखता है।

---

# मुकुंदपुर के बुढ़ादेव मंदिर में शेड निर्माण का हुआ लोकार्पण



- **विष्णुदेव की सरकार में समाज के अंतिम वर्ग तक पहुंच रही शासन की योजनाएं : बैस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

पूर्व विधायक श्रवण मरकाम के प्रयास से ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के खमनापारा स्थित बुढ़ादेव मंदिर में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण हुआ। इसकी लागत 12 लाख रुपए है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत थे। अध्यक्षता श्रीमती दुर्गा दर्रो सरपंच मुकुंदपुर ने की। विशेष अतिथि प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा, श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, हृदय साहु उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, राजेश गोसाईं वन सभापति जनपद पंचायत नगरी, प्रमोद कुंजाम सदस्य जनपद पंचायत नगरी, नोहर मरकाम उपसरपंच, बालसिंह सोरी बूथ अध्यक्ष मुकुंदपुर, दानवीर मरकाम सोशल मीडिया प्रभारी, प्रकाश मरकाम, जयलाल मरकाम, चैन मरकाम, जयलु मरकाम, सुखचंद मरकाम, सहदेव चक्रधारी, सदाराम चक्रधारी, रामजी मरकाम, अनीता मरकाम, फुलेश्वरी मरकाम, जागेश्वरी मरकाम सहित अन्य मौजूद थे।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पुरोधाओं द्वारा जिस विचार के साथ पार्टी की नींव रखी गई थी, आज पार्टी उस संकल्प की सिध्दि का अवसर है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की सुशासन वाली विष्णुदेव की सरकार पिछड़ा दलित वर्ग तक शासन की योजनाएं पहुंचाकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य कर रही है।

---

# सिवनीकला में मनाई गई कबीर जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिवनीकला के चंदनबाग कबीर आश्रम में 4 जून को कबीर जयंती आश्रम के संचालक संत बालेश्वर साहेब, पंकज साहेब एवं अन्य संत मंडली की उपस्थिति में मनाई गई। संतों ने ग्रामीणों के साथ गली भ्रमण किया और लोगों को संसार के समस्त जीवों से प्रेम करने जैसे संत कबीर के विभिन्न संदेश दिए। आश्रम में संतों ने कबीर के दोहे के माध्यम से प्रवचन दिया।

इस अवसर पर सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, विक्रम साहू पूर्व सरपंच, सुशील साहू पूर्व जनपद सभापति, डॉ सुरेश तारक, चंद्रप्रकाश साहू, दिलीप साहू, सुरेश साहू, खिलावन चंद्राकर, कुंजीलाल साहू, बोधन साहू, द्वारिका प्रसाद साहू, रामस्वरूप साहू, मुरली साहू, कुंभकरण डीहू साहू, दिलेश्वर साहू, लोमस साहू समेत अन्य ग्रामीणजन शामिल हुए।

# कर्णेश्वर ट्रस्ट को पानी टैंकर मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट देउर पारा को सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम ने पानी टेंकर प्रदान किया है। ट्रस्ट ने माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव के लिये विधायक से टेंकर की मांग की थी जिसे तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्होंने टेंकर प्रदान की। ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने विधायक अम्बिका मरकाम का आभार व्यक्त करते हुए उनका शाल, श्रीफल से सम्मान किया। इस दौरान ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सरपंच शारदा ध्रुव, उपसरपंच रवि ठाकुर, नागेन्द्र शुक्ला, छबि ठाकुर, भरत निर्मलकर, केएस अडिल, हेमु साहू, टेश्वर ध्रुव की उपस्थिति रही।

## कुकरेल में चावल उत्सव मनाया गया



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत कुकरेल की राशन दुकान में चावल उत्सव मनाया गया। इस दौरान सरपंच ओंकार नेताम एवं पंच प्रवीण साहू, विवेक कतलाम, कुमारी बाई, उत्तरा सिन्हा, जागेश्वरी समेत अनेक हितग्राही उपस्थित थे।

# किसी भी अवैध खनन का समर्थन नहीं : सार्वा

- **आवास निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री मेरी खून-पसीने की कमाई से ली गई है न कि अवैध साधनों से**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



लीलाज नदी से अवैध रेत खनन के मामले में जबरदस्त खुलासा होने के बाद एक जनप्रतिनिधि के नाम को जोड़ने की कोशिश की जा रही थी, जिसे लेकर जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने स्पष्ट और दृढ़ शब्दों में खंडन करते हुए कहा है कि उनका इस पूरे मामले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सिहावा विधानसभा क्षेत्र सहित जिले के किसी भी हिस्से में रेत का अवैध खनन या परिवहन हो रहा है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए और वे स्वयं इसके पूर्ण पक्षधर हैं। आगे कहा कि मैंने राजनीति में एक बेदाग और ईमानदार जनसेवक के रूप में प्रवेश किया है और जब तक राजनीति करूंगा, अपने इस सिद्धांत से कभी समझौता नहीं करूंगा। अपने गांव में कमार जनजाति परिवार के लिए बनवाए जा रहे आवास के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह कार्य मेरे आत्मा की संतुष्टि का विषय है और इसे मैं अपने खून-पसीने की कमाई से करवा रहा हूं। इसमें इस्तेमाल हो रही सामग्री पूरी तरह वैध रूप से खरीदी गई है और किसी भी प्रकार की निंदनीय या अवैध कमाई का इसमें कोई स्थान नहीं है।

# समाज में भाईचारा से ही एकता आएगी : माधव सिंह

- **आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





लोकतंत्र में बहुमत का राज होता है और हमारा संविधान मानवता पर आधारित है इसलिए समाज में भाईचारा से ही एकता आ सकती है। उपरोक्त बातें आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के धमतरी जिला अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर ने कुरुद स्थित आदिवासी भवन में आयोजित एक बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि हमें समाज में रोटी बेटी तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। हमें अपने संवैधानिक हक, अधिकारों के लिए आगे आना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए काम करना ही असली सामाजिक कार्य है। सामाजिक कट्टरता का परित्याग कर समाज में भाईचारा की स्थापना करनी चाहिए, ताकि जब एक समाज पर संकट आए तो दूसरे समाज वाले उसे संकट की घड़ी में साथ दें।

बैठक में मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल के अध्यक्ष एवं सर्व आदिवासी समाज धमतरी के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई एवं समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि 11 जून को माना तुता रायपुर में एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित जन आंदोलन में जाने के लिए समाज के लोगों को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही गोड़ समाज द्वारा निर्णय लिया कि जातीय जनगणना - 2025 के सर्वे में गोंड समाज धर्म कॉलम में आदिवासी धर्म लिखेंगे। सभी तहसील अध्यक्ष अपने-अपने परिक्षेत्र, मुड़ा, ग्रामों में बैठक कर सामाजिक सदस्यों को जागरूक करने अवगत करेंगे। सामाजिक नियमावली को अद्यतन करने सभी तहसील से 2-2 सदस्यों का समिति गठन किया गया है, जो नियमावली में परिवर्धन, संशोधन, विलोपन हेतु समीक्षा कर मसौदा तैयार कर शीघ्र ही जिला समिति बैठक में प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

बैठक में ललित ठाकुर अध्यक्ष तहसील कुरुद, लाकेश्वर नेताम अध्यक्ष परिक्षेत्र कुरूद, जयपाल ठाकुर अध्यक्ष जिला धमतरी, झागेश्वर ध्रुव पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी कुरूद, उदय नेताम सचिव जिला धमतरी, ढालू राम ध्रुव तहसील सचिव, शिव नेताम, संतोष ध्रुव, शिवप्रसाद कोर्राम, सुरेंद्र सोरी, नरेश छेदैया, नीलू छेदैया, अरविंद नेताम, सेवकराम, पुनारद राम, नारायण सिंह ध्रुव, होमन लाल कतलम, कुलेश्वर छेदैया, सुग्रीव नेताम, दुष्यंत मांडवी, बसंत ध्रुव, हरिश्चंद्र मांडवी, तेजराम छेदैया, खेलन सिंह ध्रुव सहित अन्य उपस्थित थे।

# रेखराम बने भाजपा ग्रामीण बूथ अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

भाजपा मंडल मगरलोड के ग्राम राजपुर में भाजपा ग्रामीण बूथ अध्यक्ष नियुक्त किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से रेखराम ध्रुव पिता माधव ध्रुव को नया बूथ अध्यक्ष नियुक्त किया। नव नियुक्त बूथ अध्यक्ष रेखराम ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे कार्यकताओं से मिलजुलकर करने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु, फग्गू यादव, पंच गुरुदयाल पटेल, लक्ष्मण ध्रुव, तामेश्वर साहू, पंच प्रतिनिधि जितेन्द्र कंवर, फग्गू ध्रुव, सुखीत कंवर, सोमनाथ यादव, उगेश ध्रुव, नरोत्तम निषाद, पवन निषाद, ओमप्रकाश साहू उपस्थित थे।

---

### सार्वजनिक स्थल पर बरगद, पीपल, गुलमोहर के पौधे रोपे

# छिपली के स्कूली बच्चे बने पर्यावरण दूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





हरियाली, पर्यावरण को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। ब्लॉक मुख्यालय के समीप ग्राम छिपली के स्कूली बच्चे पर्यावरण दूत बनकर ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं। गांव के तालाब किनारे, साहू भवन, सार्वजनिक स्थल में विगत एक वर्ष से पौधरोपण कर गांव को प्रदूषण मुक्त व पर्यावरण बचाने कार्य में जुटे हुए हैं। महेन्द्र कक्षा 8वीं, उमा शंकर 11वीं, झनेंद्र 12वीं, राहुल 12वीं, एवन 11वीं, गोपी 9वीं, रूपेश 9वीं, राजू 7वीं, प्रेमानंद 12वीं, समेत किसान नंदलाल निषाद पौधरोपण कर उसे सुरक्षित एवं संरक्षित करने में जुटे हैं। गांव के सार्वजनिक स्थल पर बरगद, पीपल, गुलमोहर, बोहार, पाम, अशोक, करण के पौधों का रोपण किया है। कक्षा 12वीं की परीक्षा पास कर चुके झनेन्द्र ने बताया कि वृक्ष है तो हम हैं। हमें ऑक्सीजन के लिए वृक्ष की आवश्यकता है। गांव में हरियाली से मन में अच्छा विचार होता है। हम सबको मिलकर पर्यावरण को बचाना है।

Pride of Dhamtari

॥ श्री शिवाय नमस्तुभ्यं ॥
नींव से निर्माण तक...
वास्तु एवं संरचना एसोसिएट्स
जय माँ चंडी कंसल्टेंसी एवं कंस्ट्रक्शन
Pro.- Er. Anurag Sahu
(सिविल इंजीनियर एवं आर्किटेक)
नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र रजि.
8839477281
9000051163
बिल्डिंग डिजायनर, इंडस्ट्रियल एंड फाइनेंस हब, प्लानर, सर्वेयर (टोटल स्टेशन एवं डम्पी लेवल) फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे
सुविधाएं - भवन के नक्शे, स्टीमेट एवं बिल (लोन), साईड सर्वेक्षण, डायवर्सन के नक्शे, साईड सुपर विजन, टाऊन एवं प्लाटिंग के नक्शे, फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे, सिविल संबंधित सम्पूर्ण कार्य
False Ceiling & Wallpaper, Tiles & Putty Painting Sanitary, Flushed Door, Electric Fitting Plumbing, Modular Kitchen & Fabrication (Steel, Aluminium)
कार्यालय - पुराना बस स्टैंड, अनुराधा स्वीट्स के पास वार्ड क्र.10 कुरूद
नोटः- वास्तुनुसार भवन/ प्लाट आदि के नक्शे नगर पालिका/ नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र से नक्शा पास, 3D एलिवेशन, विथ मैटीरियल भवन निर्माण

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



# विश्व पर्यावरण दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं...



हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिन पर्यावरण के ज्वलंत मुद्दों के बारे में आम लोगों को जागरूक करने और इस दिशा में उचित कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख साधन है। देखा जाए तो ये दिन हमारे भविष्य के बारे में है। अगर हमारा पर्यावरण नहीं बचेगा तो हम भी नहीं बचेंगे। इसलिए Earth Day के साथ-साथ यह दिन बाकी सभी दिनों से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि बाकी दिन तभी मनाये जा सकते हैं जब उन्हें मनाने के लिए हम बचे रहें और विश्व पर्यावरण दिवस हमे बचाने की दिशा में एक बेहद ज़रूरी कदम है।

**पेड़ लगाएं**:- ये आप अच्छी तरह से जानते हैं, पर करते नहीं हैं। एक काम करिए इस बार जब आपका बर्थडे आये या आपके बच्चे का बर्थडे आये तो उस दिन एक पेड़ लगाइए और उसका कोई नाम रखियेआपके या आपके बच्चे के साथ उसे भी बड़ा होते देखिये। **प्लास्टिक बैग्स को ना कहें**:- Shopping के लिए Polythene या plastic bags का प्रयोग बंद कर दें। और इसके लिए किसी क़ानून का इंतज़ार मत करें, खुद से ये कदम उठाएं. सब्जी के लिए, राशन के लिए, या कुछ भी बाज़ार से लाने के लिए पेपर बैग्स या कपड़ों के बने झोलों का प्रयोग करें। **बिजली बचाएं**:- हम जितनी अधिक बिजली बचायेंगे उतनी कम बिजली प्रोड्यूस करनी पड़ेगी। भारत में कुल बिजली उत्पादन का लगभग 65% thermal power plants से होता है, जो कोयले का इस्तेमाल करते हैं और वातावरण में CO2, SO2 जैसी ज़हरीली गैस छोड़ते हैं.। हमारा बिजली बचाना हमारे वातावरण को बचाएगा। **पानी बचाएं**:- Ground water level दिन प्रति दिन गिरता जा रहा है पर फिर भी लोग पानी की बर्बादी पर ध्यान नहीं देते। अगर हम छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें तो काफी पानी बचा सकते हैं।




**पर्यावरण है तो जीवन है,**
**पर्यावरण के बिना तो जीवन आधारविहीन है।**
**स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित पर्यावरण ही**
**हमारा कल्याण करता है।**







**हरियाली लाओ, जीवन बचाओ।**





**प्रदुषण हटाओ, पर्यावरण बचाओ।**














**प्रकृति का न करे हरण, आओ हम सब बचाये पर्यावरण**

**पर्यावरण की रक्षा देश की सुरक्षा**














संकलनकर्ता : उमेश सिंह बशिस्ट, ब्यूरो चीफ हरिभूमि धमतरी जिला, मो.98261 14710, यशवंत गंजीर, हरिभूमि संवाददाता, कुरूद, 98268 82770 मार्केटिंग प्रभारी रवि सिंह राजपूत 8305871196

## खबर संक्षेप



### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**कुरुद।** अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। कुरूद पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर अवैध रुप से शराब बेचने वाले दो आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कारवाई कर रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मछली पालन परखंदा के पास आरोपी रघुवीर पटेल पिता नरोत्तम पटेल उम्र 21 वर्ष परखंदा के कब्जे से 21 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 2100 रूपये एवं बिक्री रकम 200 रूपये कुल 2300 रूपये जब्त किए। दूसरी कार्रवाई में मेघा रोड रेत डंप मंदरौद किराना दुकान के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहे आरोपी वरुण साहू पिता पुनीत साहू उम्र 33 वर्ष मेघा के कब्जे से 20 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 2000 रूपये एवं बिक्री रकम 560 रूपये जुमला कीमत 2560 रूपये जब्त किए गए। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### बेरोजगार युवा सीखेंगे बिजली के सामानों की मरम्मत

**धमतरी।** स्वरोजगार करने के इच्छुक गांव के बेरोजगार युवा बिजली के सामानों की मरम्मत करना सीखेंगे। इसके लिए उन्हें इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग और मरम्मत की निःशुल्क ट्रेनिंग मिलेगी। ट्रेनिंग अवधि में रहने की सुविधा मिलेगी। इसके लिए बड़ौदा आरसेटी में 10 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। तीस दिनों तक चलने वाली इस ट्रेनिंग में 18 से 45 साल तक की आयु के युवा शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 35 सीट आरक्षित हैं। निदेशक, सुश्री अनीता टुडू ने बताया कि ट्रेनिंग लेकर जिले के युवा बिजली के सामानों को सुधारने में हुनरमंद बन सकेंगे।

मंत्रोच्चार के साथ बावड़ी में तालाब, नदी, सरोवर का पवित्र जल अर्पित किया जाएगा

# आज गंगा दशहरा पर मां विंध्यवासिनी मंदिर की बावड़ी का होगा जल संचरण और संरक्षण







### अध्यक्ष आनंद पवार ने जल अर्पण कार्यक्रम में शामिल होने नागरिकों को दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आज 5 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर मां विंध्यवासिनी मंदिर की ऐतिहासिक पवित्र बावड़ी में जल संचरण और संरक्षण का कार्यक्रम होगा। विंध्यवासिनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि शहर के नागरिकों को घर से गंगाजल या तालाब, सरोवर नदी का पवित्र जल लाकर बावड़ी में जल अर्पित कर पुण्य लाभ प्राप्त करने न्योता दिया गया है। श्री पवार ने महापौर रामू रोहरा, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, विधायक ओंकार साहू, डीएफओ कृष्णा जाधव सहित सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य नागरिको को न्योता दिया है।

श्रीपवार ने बताया कि मंदिर की बावड़ी को वर्षों पूर्व किसी कारणवश मिट्टी भरकर बंद कर दिया गया था। माताजी की प्रेरणा से बावड़ी की नीचे तक खुदाई करके मिट्टी को बाहर निकाला गया। खुदाई से पुरानी सीढ़ी सुरक्षित है तथा उसी स्वरूप में स्स्थापित है। भक्तों की भावनाओं के अनुरूप बावड़ी की मरम्मत और सौंदर्यीकरण किया गया है। दशमी को मां गंगा के अवतरण दिवस पर बावड़ी में पुनः जल संचरण और संरक्षण की पहल की जाएगी। पंडितों की अगुवाई में मंत्रोच्चार कर बावड़ी में गंगाजल, तालाब, नदी, सरोवर का पवित्र जल भक्तों की उपस्थिति में अर्पित किया जाएगा। जलस्त्रोत को पुनर्जीवित कर माता के अभिषेक, ज्योत जंवारा व अन्य दिव्य महत्वपूर्ण कार्य होंगे। सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बावड़ी में जल अर्पित किया जाएगा।

जिलास्तरीय कार्यशाला 6 जून को भाजपा कार्यालय में होगी

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जनता के बीच जाएगी



■ संदीप शर्मा, नीलू शर्मा अजय, रामू सहित अन्य नेता करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा जून महीने में केंद्र की मोदी सरकार के स्वर्णिम 11 वर्ष पूर्ण होने पर जिले से लेकर बूथ स्तर तक की कार्ययोजना बनाकर जनता के बीच जाएगी। जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल को लेकर भाजपा की प्रदेश कार्यशाला 3 जून को हुई। इसे लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला 6 जून को दोपहर 2 बजे जिला भाजपा कार्यालय में रखी गई है। मुख्य वक्ता छग राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, विधायक कुरूद अजय चंद्राकर, महापौर जगदीश रामू रोहरा होंगे। कार्यक्रम के जिला संयोजक कविंद्र जैन ने बताया कि संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत 10 जून को जिला मुख्यालय में प्रेस से वार्तालाप, प्रदर्शनी तथा प्रोफेशनल मीट का कार्यक्रम आयोजित है। 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की जाएगी। 15 से 17 जून तक ग्राम, वार्ड, शक्ति केंद्र, बूथ स्तर पर चौपाल कार्यक्रम होंगे। सभी स्तर पर नेताओं का प्रवास भी होगा। 17 से 20 जून तक योग दिवस की तैयारी तथा 21 जून को सभी प्रमुख गांवों एवं नगरीय क्षेत्रों में योग दिवस मनाया जाएगा। 5 जून पर्यावरण दिवस से लेकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम जैसे अनेक कार्यक्रम होंगे। 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि बलिदान दिवस के रूप में बूथ स्तर तक मनाई जाएगी। 25 जून आपातकाल की बरसी पर जिला स्तर पर सेमिनार, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम तथा आपातकाल की बर्बरता का चित्रण करती प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। श्री जैन ने बताया कि इस अभियान को लेकर जिले एवं मंडल की टीम का गठन कर लिया गया है।

# एनएसयूआई ने सरकार को जगाने किया बुद्धि शुद्धि पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश के शासकीय विद्यालयों को बंद किए जाने एवं शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने के विरोध में एनएसयूआई द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा बचाओ अभियान अंतर्गत मगरलोड जनपद के हनुमान मंदिर परिसर में बुद्धि शुद्धि पाठ का आयोजन किया गया। वर्तमान सरकार को शिक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने और प्रदेश के बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए भगवान हनुमान से प्रार्थना की गई ताकि राज्य सरकार को सद्बुद्धि प्राप्त हो। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डीहुराम साहू, अरविन्द यादव, लक्की निर्मलकर, व्यंकट देवांगन, दिलीप सोनी सहित एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे। एनएसयूआई ने कहा कि जब तक प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के साथ अन्याय होता रहेगा, तब तक यह संघर्ष शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ रूप से जारी रहेगा।

# गंगरेल बांध से मिसिंग युवक के सुरक्षित होने की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल बांध से लापता हुए युवक की तलाश में जुटी पुलिस को उसके सुरक्षित होने की जानकारी मिली है। युवक ने बांध में डूब जाने का षड्यंत्र रचा था।

मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा का एल्युमिनियम व्यापारी हेमंत चन्द्रवंशी उम्र 30 वर्ष अपने एक कर्मचारी के साथ 24 मई को गंगरेल में आकर रिसार्ट में रूका था। दूसरे दिन 25 मई की सुबह नहाने के लिए मंदिर के पीछे बांध के किनारे पहुंच गया जिसके बाद से युवक लापता हो गया। पानी किनारे पत्थर पर मिले युवक के चप्पल व कपड़ों से युवक के पानी में डूब जाने की आशंका के चलते रूद्री पुलिस को घटना की सूचना दी गई।



बांध में डूब जाने का किया था ड्रामा

पुलिस ने गोताखोर टीम की मदद से दो दिन तक बांध के पानी में युवक की तलाश की। नहीं मिलने पर पुलिस को युवक के गायब होने पर शक हुआ। पुलिस ने तकनीकी तरीके से युवक की तलाश जारी रखी। आखिरकार पुलिस ने लापता युवक के परिजन से संपर्क कर उसका लोकेशन पता लगा लिया। पुलिस को युवक के गंगरेल बांध से गायब होकर दिल्ली पहुंच जाने की जानकारी मिली। युवक के बांध में डूबने का ड्रामा करने के पीछे आर्थिक तंगी व घरेलू कारण की बात सामने आई है। पुलिस युवक को उनके परिजनों के माध्यम से धमतरी लाने का प्रयास कर रही है। पुलिस इस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

# गौठानों के बंद होने से आवारा मवेशियों की समस्या बढ़ी : विशु



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने शहर के नेशनल हाईवे, सिहावा रोड, रुद्री रोड सहित भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र में मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं के लिए भाजपा सरकार की गौमाता विरोधी नीति को दोषी ठहराया है।

कहा कि गौ रक्षा के नाम पर वोट लेने वाली भाजपा सरकार गौ माता को सड़कों पर मरने मजबूर कर दिया है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल के कांग्रेस सरकार में गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से गोधन न्याय योजना प्रारम्भ की गई थी परंतु साय सरकार के द्वारा इस महत्वपूर्ण योजना को बंद कर दिया गया। गौठानों के बंद होने से आवारा मवेशियों की समस्या बढ़ी है।

# नगर के सार्वजनिक सुलभ शौचालयों का हुआ जीर्णोद्धार



■ नई पहल : महिलाओं को सौंपा गया रख-रखाव का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नगर पंचायत द्वारा नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर स्थित पुराने सुलभ शौचालयों का जीर्णोद्धार कर आकर्षक रूप में नवीनीकरण किया गया है। इन शौचालयों को अब आधुनिक स्वरूप देकर, उसके रख-रखाव और निगरानी की जिम्मेदारी स्थानीय महिलाओं को सौंपकर एक सशक्त सामाजिक पहल की गई है।

नपं अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर के मार्गदर्शन में प्रतिनिधि मंडल के रूप में विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, पार्षद सुश्री कविता चंद्राकर, रवि प्रकाश मानिकपुरी एवं मिथिलेश बैस, पूर्व पार्षद एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा ने नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थित इन सुलभ शौचालयों की ताला-चाबी महिलाओं को सौंपी गईं, जिससे वे अब इनके संचालन व निगरानी की भूमिका निभा रही हैं।

#### घर जैसी भावना के साथ उपयोग करें

इस अवसर पर नपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि सुलभ शौचालयों का व्यवस्थित संचालन स्वच्छता मिशन की सफलता की नींव है। जब महिलाएं इनका संचालन करेंगी, तो शौचालय न केवल स्वच्छ और सुरक्षित रहेंगे बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में भी नई राह मिलेगी। उन्होंने नगरवासियों से अपील की है कि स्वच्छता केवल सरकार या नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। इन सार्वजनिक सुविधाओं को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और इन्हें अपने घर जैसी भावना के साथ उपयोग करें।

#### महिलाओं की भागीदारी व आत्मनिर्भरता दिखेगी

रखरखाव की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपे जाने की सराहना करते हुए नगरवासी वीरेंद्र साहू, इमरान बेग, मिथलेश बैस ने कहा कि यह पहल दूरदृष्टि सोच का नतीजा है। नगर को साफ-सुथरा रखने की दिशा में मजबूत कदम उठाया गया है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए, यह निर्णय न केवल स्वच्छता को मजबूती देगा बल्कि महिलाओं की सामाजिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता को भी नई पहचान प्रदान करेगा।

# बुजुर्ग केवल अनुभव के स्रोत नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत भी हैं



■ विंध्यवासिनी वार्ड के हमर क्लिनिक में दाई-बबा दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बुजुर्गों के बेहतर स्वास्थ्य और सामाजिक सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में 4 जून को दाई-बाबा दिवस के रूप में विशेष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। विंध्यवासिनी वार्ड स्थित हमर क्लिनिक में भी यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मौजूद वार्ड पार्षद एवं जल विभाग के एमआईसी सदस्य अखिलेश सोनकर ने कहा कि इस वर्ष दाई- बाबा दिवस की थीम है, हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर, जो यह संदेश देती है कि समाज के बुजुर्ग केवल अनुभव के स्रोत नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत भी हैं।

एमआईसी सदस्य नीलेश लूनिया ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच और परामर्श सेवा प्रदान करना, परिवारों और युवाओं में बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाना, भावनात्मक जुड़ाव को सशक्त करने काउंसिलिंग और समाज में बुजुर्गों की सहभागिता को बढ़ाना है। डॉ. तृप्ति देव ने कहा कि स्वास्थ्य मेला में पहुंचे बुजुर्गों से अपील की गई थी कि शिविर स्थल पर वे अपने बच्चों और पोते-पोतियों के साथ आएं, जिससे परिवारों में जुड़ाव भी बढ़े और पीढ़ियों के बीच सम्मान का भाव भी प्रबल हो। यह दिन न केवल स्वास्थ्य लाभ का, बल्कि बुजुर्गों को सामाजिक मंच पर सम्मानित करने का एक सुनहरा अवसर है। इस अवसर पर तुलसी कश्यप नर्सिंग स्टाफ, शिशुपाल, विरेंद्र साहू, देव, धनेंद्री सोनकर, श्रीमती अरुणा यादव, श्रीमती सुमित्रा सेन, श्रीमती कुंभकार, पारस साहू समेत वार्डवासी उपस्थित थे।

# दाई बबा दिवस पर हुई 1500 वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच

■ उम्र के अंतिम पड़ाव में बुजुर्गों को संवेदनात्मक सपोर्ट की जरूरत होती है : बलजीत छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

बुजुर्ग हमारी धरोहर की थीम पर छग शासन की मंशा के अनुरूप 4 जून को दाई बाबा दिवस मनाया गया। जिसका प्रमुख उद्देश समुदाय में बुजुर्गों की सहभागिता और सम्मान को बढ़ाना है। स्वास्थ्य जांच व परामर्श प्रदान करना, पीढ़ियों के मध्य संवाद व भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देना, युवाओं को बुजुर्गों की देखभाल और सेवा के लिए संवेदनशील बनाना है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखकर विकासखंड नगरी के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विकासखड मुख्यालय के सिविल अस्पताल नगरी में नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति स्वास्थ्य शंकरलाल देव, पार्षदगण राजा पवार, आकरण पटेल, मिकी गुप्ता के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तिलक गुलाल लगाकर बुजुर्गों का सम्मान किया गया। 2 बुजर्गों को स्टिक, 2 बुजुर्गों को आयुष्मान वयवंदना कार्ड का वितरण, 2 बुजुर्गों को चश्मा वितरण तथा 15 बुजुर्गों को टूथपेस्ट व ब्रश का वितरण किया गया। सिविल अस्पताल नगरी में 58 बुजुर्गों की बीपी व शुगर की जांच की गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डा. अरूण नेताम ने बताया कि पूरे विकासखंड में लगभग 1500 से अधिक वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई।



मुख्य अतिथि बलजीत छाबड़ा ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान ईश्वर का सम्मान है। उम्र के अंतिम पड़ाव में उनकी देखभाल व संवेदनात्मक सपोर्ट की जरूरत होती है। सभी को अपने बुजुर्गों का सम्मान करना आवश्यक है। कार्यक्रम में डा आशुतोष टंडन एनडीसीडी नोडल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व प्रबंधन विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक हितेन्द्र साहू द्वारा किया गया। मौके पर सिविल अस्पताल नगरी से डा. अनीता पैकरा, डा. दीपिका साहू, डा.शारदा साहू, प्रेमलाल साहू लेखा प्रबंधक, लोकेश साहू काउंसलर, निशा ध्रुव स्टाफ नर्स, योगेश्वर सिन्हा क्लिनिकल सायकोलाजिस्ट सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।




बलौदाबाजार प्रकरण में निर्दोषों को बरी करने की मांग

# युक्तियुक्तकरण के खिलाफ बसपा ने बोला हल्ला



■ रबी फसल के धान को समर्थन मूल्य पर खरीदने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

युक्तियुक्तकरण सहित 3 मुद्दों को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बसपा के जिलाध्यक्ष संदीप जांगड़े, जिला उपाध्यक्ष यमतारिणी, सचिव राधेश्याम निषाद, लक्ष्मीनारायण कोसरे सहित अनेक बसपाइयों ने बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के निर्णय से प्रदेश के 10463 विद्यालय बंद हो जाएंगे जो अविवेकपूर्ण होने के साथ सामाजिक शैक्षणिक संरचना को गहराई से प्रभावित करेगा।

शिक्षा के क्षेत्र में छग सबसे पिछड़ा राज्य है। इससे अजा, अजजा, पिछड़ा वर्ग के बच्चों की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगी। लाखों बच्चे स्कूल से वंचित होंगे। बालिका शिक्षा पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। बेरोजगारी बढ़ेगी। शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा। आगे कहा कि यह भारतीय संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने युक्तियुक्तकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

#### सतनामी समाज को न्याय दिलाने की गुहार

बसपा ने कहा कि 10 जून 2024 को बलौदाबाजार में घटित घटना में सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजा गया है। प्रत्यक्ष दोष सिद्ध नहीं होने के बाद भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। पीड़ितों के परिवार सामाजिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। न्यायिक जांच कराकर निर्दोषों को बरी करने की मांग की गई है। एक अन्य मांग में बसपा ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने रबी फसल के धान को समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा की है। किसान अपनी फसल को औने-पौने दाम में बेचने को मजबूर हैं। सरकार अपने वादे के मुताबिक 3100 रुपए में धान खरीदी करने का आदेश जारी करे।

